भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 34 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - रविवार, 20 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4


## अमेरिका से आने वाला हाई क्वालिटी कोयला चोरी कर मिलावट में बेचते थे! CID क्राइम ब्रांच ने सिरोही में दबोचा करोड़ों का रैकेट

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

राजस्थान पुलिस की सीआईडी क्राइम ब्रांच ने शनिवार को करोड़ों रुपये की कोयला चोरी और मिलावट कांड का पर्दाफाश किया है। गैंग अमेरिका से आयातित हाई क्वालिटी कोयला पेटकॉक को ट्रकों से चोरी कर मिलावट के साथ स्थानीय फैक्ट्रियों में बेच रहा था। इस गिरोह की गिरफ्त में आए एक आरोपी ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं।







### गुप्त सूचना से खुली परतें :

एडीजी क्राइम दिनेश एमएन ने बताया कि क्राइम ब्रांच को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ माफिया गिरोह गुजरात के रास्ते आने वाले अमेरिकी कोयले में गड़बड़ी कर रहे हैं। इनपुट मिला कि पिंडवाड़ा-आबूरोड हाईवे के पास तुलसी होटल के पीछे बंद पड़ी एक फैक्ट्री में कोयला स्टॉक किया जा रहा है, जहां उसकी मिलावट की जा रही है।

### फैक्ट्री में मिला माल, मशीनें और ट्रक

एडिशनल एसपी नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन में हेड कॉन्स्टेबल रमेश कुमार की सूचना पर पुलिस निरीक्षक रामसिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने सिरोही के रोहिडा थाना क्षेत्र स्थित फैक्ट्री पर दबिश दी। वहां से दो ट्रक, एक लोडर, एक डोजर मशीन और ट्रक की सील तोड़ने के उपकरण बरामद किए गए। मौके से आरोपी इरफान पुत्र हारून (32) निवासी मदिना सोसायटी लाजपथ नगर पुलिस थाना राधनपुर जिला पाटन गुजरात को गिरफ्तार किया गया।

### इस तरह होती थी हाई क्वालिटी कोयले की चोरी

पूछताछ में इरफान ने बताया कि गिरोह ट्रक ड्राइवरों को मोटी रकम का लालच देकर उनसे 7 से 8 टन तक शुद्ध कोयला उतरवा लेता था। इसके बाद खाली जगह में उतनी ही मात्रा में नकली डस्ट कोयला भरकर ट्रक को आगे भेज देते थे। असली कोयला बंद फैक्ट्री में स्टोर किया जाता और फिर लोकल सीमेंट व स्टील फैक्ट्रियों को बेचा जाता।



### हर दिन 1.5 लाख रुपये की अवैध कमाई

आरोपी के अनुसार वे शुद्ध कोयला 5 से 7 हजार रुपये प्रति टन के हिसाब से खरीदते थे। रोजाना 15 से 20 टन कोयला चुराया जाता था, जिससे 1 से 1.5 लाख रुपये तक की रोजाना कमाई होती थी। गिरोह का यह धंधा महीनों से चल रहा था।

### CID को मिला करोड़ों का माल

छापे में जब्त किया गया कोयला, उपकरण और वाहन करोड़ों रुपये मूल्य के बताए जा रहे हैं। टीम इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। वहीं, इस गिरोह के नेटवर्क और फैक्ट्रियों तक पहुंचने की कड़ी जोड़ी जा रही है।

## राजस्थान में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल: 91 आईपीएस , 10 आईएएस , 142 आरएएस अधिकारियों के तबादले,

### भीलवाड़ा में कई जगह उपखंड अधिकारी बदले

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा**

राज्य सरकार ने शनिवार देर रात प्रशासनिक हलकों में बड़ा फेरबदल करते हुए भारतीय पुलिस सेवा के 91, भारतीय प्रशासनिक सेवा के 12 (10 पोस्टिंग और 2 ट्रांसफर) तथा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के 142 अफसरों के तबादले किए है । इस बदलाव में कई जिलों के एसपी, रेंज आईजी, पुलिस कमिश्नर व प्रशासनिक पदों पर तैनाती की गई है। जोधपुर पुलिस कमिश्नर राजेन्द्र सिंह को अजमेर रेंज आईजी, जबकि बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश प्रथम को जोधपुर पुलिस कमिश्नर लगाया गया है। इसी तरह जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लांबा को स्ट्रक्क आईजी, भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश को जयपुर रेंज आईजी, कोटा रेंज आईजी रविदत्त गौड़ को मुख्यालय और शरत कविराज को IG SOG, सीएम सिक्योरिटी के आईजी गौरव श्रीवास्तव को उदयपुर रेंज आईजी के पद पर लगाया गया है।30 जिलों के एसपी भी बदले गए हैं, जिनमें जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, कोटा, अजमेर, चित्तौड़गढ़, अलवर, टोंक, धौलपुर, झुंझुनूं, डूंगरपुर, सिरोही, जैसलमेर, फलोदी, सीकर, बांसवाड़ा, नागौर, भरतपुर, करौली, जालोर, पाली, डीडवाना-कुचामन, भिवाड़ी, बालोतरा, डीग व सवाई माधोपुर , कोटपूतली-बहरोड़, प्रतापगढ़, ब्यावर, राजसमंद, कोटा शहर, जैसे कई जिले शामिल हैं। भीलवाड़ा जिले में भी आरएएस अधिकारियों के तबादले किए गए हैं, जिनके तहत आठ उपखंड क्षेत्रों में नए उपखंड अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कई जगह रिक्त पड़े पदो पर अब पदस्थापन किया गया है।जारी आदेशानुसार, फुलियाकला में डेगाना के उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश को सुबोध सिंह चारण के स्थान पर, कोटड़ी में सहायक कलक्टर भीलवाड़ा तानिया रिणवा को रिक्त पद पर, आसींद में सहायक कलक्टर सलूंबर परमजीत को, हमीरगढ़ में सहायक कलक्टर बाड़मेर झवरलाल को नेहा छिपा के स्थान पर, शाहपुरा में गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर से सहायक कलक्टर सुनील कुमार मीणा को, रायपुर में भीलवाड़ा की सहायक कलक्टर करुणा लाडोती को, भीलवाड़ा में उपखण्ड अधिकारी दिव्यराज के स्थान पर अक्षत सिंह तथा गुलाबपुरा में उपखंड अधिकारी रोहित चौहान के स्थान पर भीलवाड़ा के उपखंड अधिकारी दिव्यराज सिंह चुंडावत को नियुक्त किया गया है।




## संविधान खतरे में, लोकतंत्र की हत्या कर रही है भाजपा: डोटासरा का बड़ा आरोप

### सीजफायर से लेकर स्मार्ट मीटर योजना और सीएमओ विवाद तक बोले तीखे बोल

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने केंद्र की भाजपा सरकार और राजस्थान की भजनलाल सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि देश का संविधान खतरे में है, लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर की जा रही हैं और भाजपा सरकार संवैधानिक मूल्यों को कुचलने में लगी है। उन्होंने यह बात जयपुर से अलवर जाते समय बानसुर में मीडिया से चर्चा में कही और फिर अलवर के स्वरूप विलास होटल में कांग्रेस की ÷संविधान बचाओ रैली÷ में दोहराई।

### सीजफायर पर केंद्र को घेरा

डोटासरा ने कहा कि जब भारतीय सेना पाकिस्तान को करारा जवाब देने में सक्षम थी, तो सीजफायर क्यों किया गया? उन्होंने इसे जनता के साथ विश्वासघात बताया और सवाल किया कि क्या यह निर्णय अमेरिकी दबाव में लिया गया? ÷डोनाल्ड ट्रम्प के कहने पर युद्ध विराम क्यों? क्या हमारी विदेश नीति इतनी कमजोर हो गई है?

### ईडी-इनकम टैक्स के दुरुपयोग का आरोप

कांग्रेस नेता ने भाजपा पर संवैधानिक एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि ईडी और इनकम टैक्स का इस्तेमाल विपक्ष को डराने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा ÷जो भाजपा में आ जाए, वो हरिश्चंद्र बन जाता है÷,।

### राजस्थान सरकार पर भी बरसे

राज्य की भजनलाल सरकार को लेकर उन्होंने कहा कि यह सरकार दिल्ली से ÷पर्ची÷ पर चल रही है। मुख्यमंत्री के पास कोई स्वतंत्र निर्णय की ताकत नहीं है। पंचायत और निकाय चुनाव टालकर जनप्रतिनिधित्व खत्म किया जा रहा है, जिससे लोकतंत्र का नुकसान हो रहा है।

### स्मार्ट मीटर योजना पर सवाल

डोटासरा ने कहा कि स्मार्ट मीटर योजना किसानों के शोषण का जरिया बन गई है। ÷पहले मीटर रिचार्ज करो, फिर बिजली मिलेगी÷ - क्या इससे किसान को 24 घंटे बिजली मिलेगी?



### मुख्यमंत्री-IPS विवाद पर चुटकी

मुख्यमंत्री कार्यालय में हुए कथित धक्का-मुक्की विवाद पर डोटासरा ने चुटकी ली -
लोग पूछ रहे हैं कि मुख्यमंत्री ने IPS को धक्का दिया या ढ्ढक्कस्न ने मुख्यमंत्री को? अगर हमारे मुख्यमंत्री को किसी ने धक्का मारा, तो फिर हमारा राजनीति में होना ही व्यर्थ है। हमें उनके साथ खड़ा होना चाहिए।÷

### कांग्रेस का नारा - "संविधान बचाओ"

डोटासरा ने संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे एकजुट होकर भाजपा की नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएं। हम संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं और जनता के हक की लड़ाई जारी रखेंगे

## सिकलीगर गैंग का भंडाफोड़: 5 राज्यों में 30 से ज्यादा चोरी की वारदातें कबूल



**भीलवाड़ा फोकस @ उदयपुर**

अंतरराज्यीय सिकलीगर गैंग के तीन बदमाशों को गोवर्धन विलास पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। ये आरोपी अब तक राजस्थान, गुजरात, मध्यप्रदेश, दिल्ली और महाराष्ट्र में 30 से ज्यादा वारदात कर चुके हैं। गैंग का तरीका बेहद शातिर था । ये ताला-चाबी सुधारने के बहाने रैकी करते और फिर रात में नकाब पहनकर चोरी को अंजाम देते।

पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल ने बताया कि बदमाश चोरी के दौरान मोबाइल बंद रखते और टोल मार्ग से बचते ताकि सीसीटीवी और लोकेशन ट्रेसिंग से बच सकें। वारदात के बाद कुछ समय रुककर अगली चोरी करते।

5 मार्च 2025 को उदयपुर के सेक्टर-14 निवासी सुशील भटनागर की रिपोर्ट पर गोवर्धनविलास थाना पुलिस ने जांच शुरू की। थाना प्रभारी दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में टीम ने 200 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले, मोबाइल डेटा का विश्लेषण किया और तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमे रोबिन सिंह पुत्र खजान सिंह, बासंडवाडा (डूंगरपुर) , शेट्टी सिंह पुत्र माया सिंह , मूलतः देहगाह, गांधीनगर (हाल मंडार, सिरोही) , लाखन सिंह पुत्र देह सिंह , वडगाम, पालनपुर (गुजरात) ने चोरी की कई वारदातें करना कबूला है। । इनमें लाखन सिंह पर पहले से चोरी-नकबजनी के 5,जबकि शेट्टी सिंह पर 1 प्रकरण दर्ज है। पुलिस ने इनसे एक कार भी जब्त की है।

आरोपियों ने पूछताछ में उदयपुर, डूंगरपुर व ऋषभदेव क्षेत्र की वारदातें कबूल की हैं। अन्य राज्यों में हुई चोरियों की जांच के लिए एक टीम गुजरात भेजी गई है।

# जयपुर में ट्रेवल्स एजेंसी पर छापाः संदिग्ध पार्सल से अवैध सिम, एटीएम और पासबुक जब्त, महाराष्ट्र भेजा जा रहा था पार्सल

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर


**डॉ. चेतन ठठेरा ।** राजस्थान पुलिस की एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (त्ञ्ञस्र) को मिली पुख्ता सूचना पर जालूपुरा थाना पुलिस ने शनिवार को जयपुर के पोलोविक्ट्री इलाके में स्थित एक ट्रेवल्स एजेंसी पर छापा मारा। यहां से नागपुर (महाराष्ट्र) भेजे जा रहे एक संदिग्ध पार्सल को खोला गया, जिसमें बड़ी संख्या में अवैध सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और बैंक पासबुक मिलीं। पुलिस को शक है कि इनका इस्तेमाल साइबर ठगी और अन्य आपराधिक गतिविधियों में होना था।

## सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम

एडीजी दिनेश एमएन के निर्देशन में डीआईजी योगेश यादव और सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में बनी टीम ने इंस्पेक्टर राम सिंह नाथावत के नेतृत्व में कार्रवाई की। जैन पार्श्वनाथ ट्रेवल्स नामक एजेंसी से बुक किए गए पार्सल को 16 जुलाई को विजय संडे नागपुर के नाम से भेजा जाना था। ट्रेवल्स कर्मचारी बलवंत सिंह बैढ़ा ने इसे मकान की रजिस्ट्री से जुड़ा पार्सल बताया, लेकिन जब गवाहों की मौजूदगी में पुलिस ने इसे खोला, तो मामला संदिग्ध निकला।

## पास बुक , डेबिट कार्ड एवं सिम कार्ड मिले पार्सल से

पुलिस ने जब पार्सल खोला तो उसमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र की 3 सेविंग पासबुक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के 3 RuPay डेबिट कार्ड , इंडियन ओवरसीज बैंक के 6 प्रीपेड





क्लासिक RuPay कार्ड , 4 मोबाइल सिम कार्ड के रैपर एवं कई बैंकों की निर्देशिका व पुस्तिकाएं मिली है ।

## फर्जी दस्तावेजों से जुड़ा हो सकता है गिरोह

पुलिस को शक है कि यह दस्तावेज फर्जी खातों और सिम कार्ड से जुड़े हैं, जो सीधे-साधे लोगों के नाम पर बनाए गए और साइबर ठगी जैसे मामलों में उपयोग किए जा रहे थे। यह अंतरराज्यीय गिरोह की बड़ी साजिश हो सकती है।

## पुलिस ने किया मामला दर्ज, जांच तेज

पुलिस ने IPC की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जब्त सामग्री और ट्रेवल्स की मूल बिल्टी को जांच में लिया है। अब सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबर और दस्तावेजों के आधार पर मास्टरमाइंड की तलाश की जा रही है।

# नगर निगम का आयोजन : तीन वार्डों के मंदिरों में सहस्त्रधारा अभिषेक, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

नगर निगम द्वारा श्रावण मास के अवसर पर आयोजित 70 वार्ड - 70 मंदिर - 70 अभिषेक श्रृंखला के तहत नौवें दिन तीन वार्डों में सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन हुआ।

वार्ड 34 के शिव मंदिर आरके कॉलोनी में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, पार्षद नेहा जोशी और युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष कुलदीप शर्मा की मौजूदगी में अभिषेक संपन्न हुआ।

वार्ड 30 स्थित बालाजी मंदिर में पंडित आशुतोष शर्मा, पुजारी धर्म गुर्जर, पार्षद विजय लड्ढा व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

वार्ड 33 में राधाकृष्ण मंदिर आरके कॉलोनी में पार्षद मुकेश शर्मा की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद त्रिपाठी, मंजू चेचाणी, मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा, पंडित सुधीर शांडिल्य, सरोज नंदावत, रामनिवास भूतड़ा, सत्यनारायण लड्ढा, अर्चित तोतला, शांतिलाल राठी, रोहित सिंह, बंटी मालू, लाजपत आचार्य सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आज इन वार्डों में होंगे अभिषेक कार्यक्रम

नगर निगम के अनुसार, 20 जुलाई को वार्ड 60, वार्ड 20 और वार्ड 9 में सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम होंगे। जिसमे सुबह 8 बजे वार्ड 60 - शहीद स्मारक के पास स्थित शिव मंदिर , सुबह 8 बजे वार्ड 20 - डांगी फैक्ट्री के पास शिव मंदिर एवं सुबह 11 बजे वार्ड 9 - प्रतापनगर थाने के पीछे सिद्धेश्वर महादेव मंदिर में आयोजन होगा ।

# अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायिक कर्मचारियों का कैडर पुनर्गठन लंबित, कर्मचारियों का आंदोलन तेज

### शाहपुरा सहित प्रदेशभर की अदालतों में न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

राजस्थान के अधीनस्थ न्यायालयों में कार्यरत न्यायिक कर्मचारी लंबे समय से कैडर पुनर्गठन की माँग को लेकर आंदोलनरत हैं। इसी क्रम में 19 जुलाई को प्रदेशभर की अधीनस्थ अदालतों में न्यायिक कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर विरोध जताया। शाहपुरा मुख्यालय पर भी शुक्रवार को सभी न्यायिक कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहे।

न्यायिक कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र नारायण जोशी 14




जुलाई से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे हुए हैं। संघ का कहना है कि राजस्थान उच्च न्यायालय प्रशासन ने 6 मई 2023 को कर्मचारियों के कैडर पुनर्गठन का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा था, लेकिन अब तक इस पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष सुरेन्द्र नारायण जोशी ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि न्यायिक कर्मचारी वर्षों से पदोन्नति और कैडर सुधार की राह देख रहे हैं, लेकिन बार-बार आश्वासन मिलने के बावजूद मांगों की अनदेखी की जा रही है। इससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

# बजरी खनन में वांछित 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

भीलवाड़ा फोकस @ हमीरगढ़

अवैध बजरी खनन के मामले में फरार चल रहे जेसीबी मालिक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी रतनलाल जाट पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10,000 का इनाम घोषित किया गया था।

हमीरगढ़ थानाधिकारी संजय गुर्जर ने बताया की पिछले वर्ष 16 दिसंबर की रात एएसआई इकबाल खां ने जाप्ते के साथ रात्रि गश्त के दौरान अवैध बजरी से भरे दो डंपर पकड़े थे। मौके से डंपर चालकों दुर्गेश कीर और कुलदीप सिंह राजपूत को गिरफ्तार कर लिया गया था।

जांच के दौरान सामने आया कि डंपरों में बजरी भरने के लिए जो जेसीबी मशीन इस्तेमाल हुई थी, वह भैंसाकुंडल निवासी रतनलाल जाट पुत्र गंगाराम जाट की थी। पुलिस जब उसके घर पहुंची तो वह फरार मिला। काफी दिनों तक फरार रहने के कारण पुलिस अधीक्षक ने रतनलाल की गिरफ्तारी पर ?10,000 का इनाम घोषित किया था। आखिरकार पुलिस की लगातार निगरानी और प्रयासों के चलते फरार आरोपी रतनलाल जाट को गिरफ्तार कर लिया गया।

# बिजौलिया को मिली दोपहर में बूंदी जाने की बस सेवा

### यात्रियों को मिली बड़ी राहत, अब दिन में भी मिलेगा आवागमन का साधन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

कस्बे से बूंदी की ओर यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब दोपहर के समय भी रोडवेज बस सेवा उपलब्ध हो गई है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के बूंदी आगार द्वारा बिजौलिया के लिए नई बस सेवा प्रारंभ की गई है, जो लंबे समय से यात्रियों की आवश्यकता बनी हुई थी।

यह बस प्रतिदिन दोपहर 2ः30 बजे बूंदी से रवाना होकर गुड़ा, नीम का खेड़ा, बांका और भोपतपुरा होते हुए शाम 4 बजे बिजौलिया पहुंचेगी। इसके बाद शाम 4.30 बजे बिजौलिया से वापसी यात्रा शुरू करेगी और शाम 6 बजे बूंदी पहुंचेगी।

स्थानीय नागरिकों के अनुसार, अब तक बूंदी से सुबह 11 बजे के बाद बिजौलिया के लिए कोई सीधा सार्वजनिक साधन नहीं था, जिससे लोगों को निजी साधनों पर निर्भर रहना पड़ता था। विशेष रूप से दोपहर के समय सरकारी कार्यालय, चिकित्सालय और व्यक्तिगत कार्यों के लिए आवागमन करने वाले यात्रियों को भारी असुविधा होती थी।

बूंदी डिपो के मुख्य प्रबंधक घनश्याम गोड ने यात्रियों की इस परेशानी को संज्ञान में लेते हुए दोपहर में यह नई बस सेवा शुरू करवाई है। यह सेवा यात्रियों की सुविधा के लिए नियमित रूप से संचालित की जाएगी।




# भीलवाड़ा में 9 हार्डकोर अपराधी केस ऑफिसर स्कीम में शामिल

### त्वरित सजा के लिए पुलिस ने उठाया कदम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

जिले में अपराधों पर सख्ती दिखाते हुए भीलवाड़ा पुलिस ने 9 हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर व खतरनाक प्रवृत्ति के अपराधियों के खिलाफ दर्ज प्रकरणों को केस ऑफिसर स्कीम में शामिल किया है। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने आदेश जारी कर इन मामलों में अभियोजन को मजबूत बनाने और आरोपियों को त्वरित सजा दिलाने के निर्देश दिए हैं। संबंधित केसों में केस ऑफिसर नियुक्त किए गए हैं जो न्यायालय में अभियोजन पक्ष के साथ समन्वय कर गवाहों के बयान दिलवाएंगे।

## ये आरोपी शामिल किए गए स्कीम में-

जयप्रकाश उर्फ टेनिया (लेबर कॉलोनी), मुरली उर्फ राहुल (बापूनगर), जगदीश (हरिपुरा), मनीष (पांसल), पूरण (नागा का बाड़िया), जीतू उर्फ जितेन्द्र (मुंडला, मंदसौर), सिकन्दर उर्फ लॉटरी (कावांखेड़ा), कमलेश (सुभाषनगर) और गोपाल (जीपिया) शामिल रहे ।



## QUICK BITES

# भीलवाड़ा में शिव महापुराण कथा की तैयारियां शुरू, आयोजन समिति गठित

### 9 से 15 सितंबर तक पं. प्रदीप मिश्रा करेंगे कथा वाचन



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

आजादनगर मेडिसिटी ग्राउंड पर 9 से 15 सितंबर तक प्रसिद्ध कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा के श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सान्निध्य में होने वाली कथा की तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं और आयोजन समिति की कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है।

विधायक अशोक कोठारी के मार्गदर्शन में कार्यकारी अध्यक्ष राधेश्याम सोमानी ने कार्यकारिणी की घोषणा की। संरक्षक दामोदर अग्रवाल, गोपाल राठी, रामेश्वरलाल काबरा, प्रकाश छाबड़ा, संयोजक गजानंद बजाज, महासचिव पीयूष डाड व कन्हैयालाल स्वर्णकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक बाहेती, रामजी गुर्जर, रमेश खोईवाल, उपाध्यक्ष अनिल दाधीच, दिलीप गोयल, भगवानसिंह चौहान, पवन पंवार, विश्वप्रताप सिंह, हेमेन्द्र शर्मा, राजेश बाहेती, संजय बाहेती, कोषाध्यक्ष कैलाश डाड, सह कोषाध्यक्ष दुर्गालाल सोनी, चन्द्रप्रकाश आगाल, सचिव बद्रीलाल सोमानी, रामेश्वरलाल ईनाणी, हिमांशु नागौरी, ललित सोमानी, मंच संचालक पं. अशोक व्यास, मीडिया प्रभारी निलेश कांठेड़, सोशल मीडिया प्रभारी पंकज अग्रवाल, प्रचार मंत्री अभिषेक चेचाणी, राजीव सोनी, आशीष डाड, सतपालसिंह, बाबूलाल टांक, कार्यालय प्रभारी रजनीकांत आचार्य, भवानीशंकर शर्मा, गोपी शर्मा, दिनेश विजयवर्गीय, भंडारा प्रभारी राजेश कुदाल, विश्वबंधु सिंह राठौड़, सत्यनारायण गुगड़, महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मंजू पोखरना, अलका जोशी, युवा प्रकोष्ठ प्रभारी दिनेश राठी, विनय माहेश्वरी, कुंजबिहारी चांडक शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त वित्त संग्रह, प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए उपसमितियों का भी गठन किया गया है।

## बरूंदनी चौराहे पर कावड़ यात्रा का वैदिक मंत्रों से स्वागत

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला




**(रमेश चंद्र डाड)।** केदारनाथ से हरिद्वार होते हुए लौट रही कावड़ यात्रा का शनिवार को बरूंदनी चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के संरक्षक विष्णु टेलर व विकास धाकड़ ने बताया कि हरिद्वार में महाआरती के बाद यह यात्रा जयकारों व शिव भजनों के साथ लौट रही है। श्री मुनि कुल वेद संस्थान बरूंदनी के विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कावड़ियों का स्वागत किया। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक मुरलीधर पंचोली, प्रधान कैलाश चंद्र जोशी, अधिष्ठाता हिमांशु पांड्या, खेमराज सुखवाल, गोविंद शर्मा, छात्र व ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## विद्यालय परिसर में हरियाली की पहल आदर्श विद्या मंदिर में हुआ वृक्षारोपण

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



विद्या भारती शिक्षा संस्थान द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल करते हुए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पीपल, कुरज और अमरूद जैसे फलदार व छायादार पौधे रोपे गए।

कार्यक्रम में थानाधिकारी लोकपाल सिंह, हैड कॉन्स्टेबल लक्ष्मण सिंह, विद्यालय समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण ब्रह्मभट्ट, सचिव नंदलाल धाकड़, प्रधानाचार्य मिठूलाल शर्मा , आचार्य देवकरण धाकड़, ओमप्रकाश शर्मा, केदार जोशी और मुकेश रैगर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# झरनेश्वर धाम से कांवड़ यात्रा का शुभारंभ , परशुराम महादेव से लाएंगे पवित्र जल

भीलवाड़ा फोकस @ सावर



**(दिलखुश मोटीस)** सदारा स्थित श्री झरनेश्वर महादेव मंदिर से शनिवार सुबह भक्ति और उत्साह के साथ कांवड़ यात्रा का शुभारंभ हुआ। समाजसेवी सुमित वैष्णव ने हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया।मोटरसाइकिलों से रवाना हुए शिवभक्त परशुराम महादेव (राजसमंद) से पवित्र जल लाकर झरनेश्वर महादेव का अभिषेक करेंगे। यात्रा में बालमुकुंद वैष्णव, श्याम सोनी, कालू राम कहार, महेंद्र बलाई, रमेश, दिनेश, बाबूलाल, बनवारी और दिलखुश कहार सहित कई श्रद्धालु शामिल रहे। इस दौरान वतन शर्मा हरिद्वार से पैदल गंगाजल ला रहे हैं, जबकि घनश्याम नट नंगे पांव कांवड़ लेकर परशुराम महादेव की ओर रवाना हुए हैं।

# गौशाला में गूंजा हरियाळो राजस्थान का संकल्प, विधायक खंडेलवाल ने किया पौधारोपण

### आकोला के खजीना गांव में लगाए गए 100 छायादार, फलदार व औषधीय पौधे

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**जसवंत पारिक।** राज्य सरकार के हरियाळो राजस्थान अभियान के तहत शनिवार को आकोला क्षेत्र के खजीना गांव स्थित नंदी गोशाला में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक गोपाललाल खंडेलवाल ने अपने कर कमलों से पौधारोपण कर अभियान की शुरुआत की। विधायक खंडेलवाल ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारा नैतिक दायित्व है। आज लगाया गया एक पौधा आने वाले वर्षों में न केवल पर्यावरण को संजीवनी देगा, बल्कि पशुओं व आमजन को छाया और शुद्ध वायु भी प्रदान करेगा।÷ उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी देखरेख को अपनी ज़िम्मेदारी समझें।

पौधारोपण के दौरान नंदराय भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश सांगावत, आकोला सरपंच शिवलाल जाट, पशु चिकित्साधिकारी अनिमेष कुमार, गौशाला समिति सदस्य शंकर सुथार, रामस्वरूप जाट, घनश्याम राठी, सांवर जाट, रामेश्वरलाल जाट, श्यामलाल शर्मा, गोपाल जाट, शंकर वैष्णव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, पशुपालन विभाग के अधिकारी, स्वयंसेवी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के 100 पौधे रोपे गए, जिनमें छायादार, फलदार व औषधीय वृक्ष शामिल रहे।

# जालेश्वर महादेव मंदिर में नियमित पूजा शुरू करवाने की मांग, प्रधानमंत्री और केंद्रीय मंत्री को सौंपा पत्र

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया





विश्वप्रसिद्ध पर्यटन स्थल मेनाल में स्थित जालेश्वर महादेव मंदिर में प्रतिदिन नियत समय पर वैदिक विधि से पूजा-अर्चना शुरू करवाने की मांग को लेकर श्री जोगणिया माता शक्ति प्रबंध एवं विकास संस्थान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। संस्था ने इस संबंध में केंद्रीय सांस्कृतिक मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भी कार्रवाई की मांग की है ।

संस्थान के सत्यनारायण जोशी ने पत्र में कहा कि मंदिर में श्रद्धालु वर्षों से पूजा करते आ रहे हैं, लेकिन पूजा नियमित रूप से और वैदिक परंपराओं के अनुसार नहीं हो रही है। उन्होंने मांग की कि मंदिर में हर दिन आरती और पूजन तय समय पर विधिवत रूप से सुनिश्चित किया जाए, ताकि धार्मिक आस्था को सम्मान मिल सके।

जोशी ने मंदिर की वर्तमान स्थिति को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि पुरातत्व विभाग के संरक्षण में आने वाले इस क्षेत्र में कई धार्मिक संरचनाएं जर्जर हो चुकी हैं। उन्होंने मांग की कि विभाग इन स्थानों का सर्वे करवाकर क्षतिग्रस्त मूर्तियों और चिन्हों का वैदिक रीति से नवीनीकरण और प्रतिस्थापन कराए।

उन्होंने मुख्य नीलकंठ महादेव मंदिर के बाहर खंडित नंदी प्रतिमा को नई प्रतिमा से बदलने और पूरे परिसर में नियमित साफ-सफाई के लिए पक्की फर्श का निर्माण करवाने की भी मांग की।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया कि महाशिवरात्रि, नवरात्र, हरियाली अमावस्या जैसे अवसरों पर मेनाल में भारी भीड़ रहती है, लेकिन पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्थाएं नहीं होतीं। ऐसे में विभाग द्वारा स्थायी सुरक्षा इंतजाम और भीड़ नियंत्रण के उपाय किए जाएं।

# पूर्व विधायक अवस्थी ने वसुंधरा राजे को भीलवाड़ा आने का दिया निमंत्रण

### जयपुर में मुलाकात, जल्द तय होगा प्रवास कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



पूर्व विधायक विट्ठलशंकर अवस्थी ने जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात कर उन्हें भीलवाड़ा आने का निमंत्रण दिया है । इस दौरान आठ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में पार्षद पीयूष डाड सहित अन्य भाजपा नेता मौजूद रहे। बैठक में राजे ने भीलवाड़ा जिले में संगठन की गतिविधियों और पिछले डेढ़ साल में हुए कार्यों की जानकारी ली।

राजे ने भीलवाड़ा प्रवास का आमंत्रण स्वीकार करते हुए जल्द आने का आश्वासन दिया। अवस्थी ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भव्य स्वागत एवं जनसंवाद की तैयारी की जाएगी। इसके लिए कार्यकर्ताओं की बैठक शीघ्र बुलाई जाएगी, जिसमें प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# नगर विकास न्यास बना निजी विकास का अड्डा, भाजपा सरकार को बदनाम कर रहे हैं यूआईटी के अधिकारी

**प्रॉपर्टी डीलर्स एसोसिएशन ने यूआईटी अध्यक्ष, सचिव व कर्मचारियों पर लगाए गंभीर आरोप,लाटरी योजना मे झोल**







भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर/भीलवाड़ा

**डॉ. चेतन ठठेरा**

भीलवाड़ा नगर विकास न्यास (यूआईटी) एक बार फिर विवादों में घिर गया है। इस बार भीलवाड़ा प्रॉपर्टी डीलर्स एंड ब्रोकर्स एसोसिएशन ने यूआईटी अध्यक्ष (वर्तमान कलेक्टर), सचिव और अधिकारियों पर मनमर्जी, भ्रष्टाचार, आदेशों की अवहेलना और भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। संगठन ने नगर विकास न्यास को ÷निजी विकास का अड्डा तक कह डाला।

एक निजी होटल में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के विधि सलाहकार राजकुमार टेलर ने कहा कि यूआईटी के अधिकारी राज्य सरकार और हाईकोर्ट के आदेशों की लगातार अवहेलना कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जोनल प्लान ई-2 में मनमर्जी से बदलाव कर किसानों के साथ धोखा किया गया है और गुलाब कोठारी केस (1554/2004) के आदेशों की भी खुलेआम अवहेलना हुई है।

## 1200 फीट चौड़ी सड़क – अव्यवहारिक योजना?

टेलर ने दावा किया कि नए जोनल प्लान में प्रस्तावित 1200 फीट चौड़ी सड़क संभवतः देश की सबसे चौड़ी सड़क होगी, जो पूरी तरह अव्यवहारिक है। इस क्षेत्र में पत्रकारों के लिए भूखंड आरक्षित थे, जिसे नजरअंदाज कर दिया गया।

## आवासीय योजनाओं में लॉटरी का गड़बड़झाला

यूआईटी की हालिया आवासीय योजनाओं की लॉटरी प्रक्रिया पर भी सवाल उठे। टेलर ने बताया कि भीलवाड़ा में आवेदन शुल्क 2000 रखा गया, जबकि अजमेर में 1000 ही लिया जा रहा है। इससे यूआईटी ने लगभग 20 करोड़ रुपए एकत्र कर लिए। साथ ही, महिलाओं को श्रेणी बदलने के कारण आवेदन से वंचित कर दिया गया, जो नारी सशक्तिकरण की योजनाओं के विपरीत है।

## बिना ट्रस्ट बैठक, आरक्षित दरों में 400% तक बढ़ोतरी

यूआईटी पर नियम विरुद्ध आरक्षित दरें बढ़ाने का भी आरोप लगाया गया। टेलर के अनुसार बिना ट्रस्ट बैठक के नौ योजनाओं में जमीन की दरों में 200त्न से लेकर 400त्न तक बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे आमजन पर आर्थिक बोझ बढ़ गया है।

## सरकारी आदेश दरकिनार, पट्टों में देरी

राज्य सरकार द्वारा दस्तावेज के आधार पर पट्टा जारी करने के आदेश के बावजूद न्यास अधिकारी मौके मुआयने की अनिवार्यता बताकर लोगों को महीनों चक्कर कटवा रहे हैं। एक अधिकारी द्वारा वैधानिक टिप्पणियां किए जाने की बात भी उजागर हुई।

## प्रत्येक सप्ताह जनसुनवाई की मांग

संगठन अध्यक्ष जगजीवन जायसवाल ने मांग की कि न्यास कार्यालय में प्रत्येक सप्ताह आमजन के लिए जनसुनवाई आयोजित की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री व नगरीय विकास मंत्री से इस संबंध में शीघ्र मिलने की बात कही।

## जोनल प्लान में जबरन बदलाव, विकास को खतरा

विधि सलाहकार सुनीत जागेटिया ने आरोप लगाया कि जोनल प्लान में बदलाव से पूर्व मौके का निरीक्षण तक नहीं किया गया। बंद कमरे में योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिनका भविष्य में शहर की 50 वर्षों की विकास योजनाओं पर सीधा असर पड़ेगा।

## किसानों को मुआवजा नहीं, सीएम के आदेश भी नजरअंदाज

राजकुमार टेलर ने बताया कि आपसी समझौते से अधिग्रहित भूमि का मुआवजा पिछले 12 वर्षों से लंबित है। मुख्यमंत्री कार्यालय से निर्देश के बावजूद यूआईटी अधिकारी मुआवजा जारी नहीं कर रहे हैं, जिससे किसान जयपुर-भीलवाड़ा के बीच चक्कर काट रहे हैं।

# जीतो लेडीज विंग ट्रेड फेयर 'उड़ान' का भव्य शुभारंभ

**नीता बाबेल बोलीं: सशक्त महिला से सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जीतो भीलवाड़ा चैप्टर लेडीज विंग द्वारा आयोजित दो दिवसीय ट्रेड फेयर उड़ान का भव्य शुभारंभ शनिवार को अग्रवाल उत्सव भवन में हुआ। आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को एक मजबूत मंच प्रदान करना है, जहाँ वे अपने उत्पादों को हजारों लोगों तक पहुंचा सकें।

चेयरपर्सन नीता बाबेल ने कहा कि हमारा मकसद सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण है। महिला सशक्त होगी तो परिवार, समाज और राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। मुख्य सचिव अर्चना पाटोदी ने बताया कि ट्रेड फेयर में 75 स्टॉल्स पर फैशन वियर, फुटवियर, ज्वेलरी, टेक्सटाइल्स, होम डेकोर, हैंडीक्राफ्ट आदि उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। शुभारंभ णमोकार मंत्र और दीप प्रज्वलन से हुआ। मुख्य अतिथि उद्योगपति तिलोकचंद छाबड़ा, चेयरमैन मीठालाल सिंघवी, मनीष जैन, डीएसपी मेघना गोयल, ममता मोदानी सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे। ट्रेड फेयर में डांस, सिंगिंग व स्टैंड-अप कॉमेडी जैसे टैलेंट शो भी आयोजित किए जा रहे हैं। आयोजन के पहले दिन सैकड़ों लोगों ने स्टॉल्स का अवलोकन कर महिला उद्यमिता की इस पहल की सराहना की।

# पेड़ बनें, तभी पौधारोपण सफल : संगम समूह का हरियाली अभियान जारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

संगम उद्योग समूह द्वारा एक लाख पौधे एवं 5 हजार ट्री गार्ड वितरण अभियान के चौथे दिन सोनी हॉस्पिटल परिसर में 440 ट्री गार्ड और 7850 पौधों का वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि महापौर राकेश पाठक ने इसे भीलवाड़ा को हरा-भरा बनाने की अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वे पौधा लगाएं और पेड़ बनने तक उसकी देखभाल करें। संगम समूह के वाइस चेयरमैन एसएन मोदानी ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही नहीं, उसकी सुरक्षा और नियमित देखभाल भी जरूरी है। इसलिए हर पौधे के साथ ट्री गार्ड भी दिया जा रहा है।




**QUICK BITES**

## शाहपुरा प्रतिनिधि मंडल ने की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाक़ात

**शाहपुरा को पुनः जिला बनाने की मांग, वर्तमान सरकार पर साधा निशाना**

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



नगर के युवा प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से शनिवार को भेंट कर शाहपुरा को पुनः जिला बनाए जाने की मांग को लेकर विस्तार से चर्चा की है । प्रतिनिधिमंडल ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष जयंत जीनगर के नेतृत्व में जयपुर पहुँचा था।

मुलाक़ात के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत ने वर्तमान सरकार द्वारा शाहपुरा को जिला घोषित किए जाने के निर्णय को वापस लेने पर गहरी नाराज़गी जताई। उन्होंने इसे जनभावनाओं के खिलाफ और क्षेत्र के विकास को रोकने वाला कदम बताया।

गहलोत ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा, ÷कांग्रेस की सरकार बनते ही शाहपुरा को पुनः जिला घोषित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह फैसला जनता की भावनाओं की अनदेखी है और वर्तमान सरकार का यह कदम विकास विरोधी है।

इस मौके पर जयंत जीनगर के साथ युवा कांग्रेस नगर अध्यक्ष अमन पोंड्रिक, शाहरुख़ ख़ान भीमपुरा और प्रकाश धाकड़ भी उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की राजनीतिक स्थिति और संगठनात्मक मजबूती को लेकर भी गहलोत से संवाद किया।

## विधिक सेवा समिति ने वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष व न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी के निर्देश पर शनिवार को तहसील परिसर में विधिक साक्षरता अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

तहसीलदार ललित कुमार डिडवानिया, पीएलवी रामबाबू माथुर सहित पटवारी, राजस्व कर्मचारी व अन्य कार्मिकों ने पौधे लगाए। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और स्वच्छता को लेकर जागरूकता संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में पौधरोपण के साथ सभी ने हरियाली बनाए रखने का संकल्प लिया।

## शिवपुरा में राज्यपाल पुरस्कार हेतु स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर सम्पन्न

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा



राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ शाहपुरा के तत्वावधान में शिवपुरा के प्रतापपुरा में आयोजित पांच दिवसीय राज्यपाल पुरस्कार पूर्व प्रशिक्षण शिविर का समापन अजमेर मंडल प्रधान प्रतिनिधि रामेश्वर लाल धाकड़ के सान्निध्य में हुआ।

शिविर में लगभग 53 स्काउट-गाइड प्रतिभागियों ने भाग लिया। धाकड़ ने समापन अवसर पर कहा कि ÷प्रमाण पत्र से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है सेवा की प्रमाणिकता। परिवार, समाज और राष्ट्र के प्रति सेवा भाव ही जीवन का असली उद्देश्य होना चाहिए।÷

इस अवसर पर समाजसेवी विनोद पाराशर, स्थानीय संघ सचिव उर्मिला पाराशर, श्याम बिहारी शर्मा, गाइडर रश्मि व्यास, स्काउटर चंद्रशेखर जोशी, सुलेमान कायमखानी, अंकित भट्ट, सिद्धार्थ नारंग, भरत कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कम्प्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890